दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी कक्षा : आठवीं

पाठ/प्रकरण का नाम : अकबरी लोटा	**समयावधि :** 40 मिनट
विद्यार्थी का नाम : -------------------------------------	**पूर्णांक :** 20
अनुक्रमांक (रोल नं.) :	**दिनांक :** ..../....../........

निर्देश:- **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. लाला झाऊलाल के पास पत्नी को देने को पैसे नहीं थे फिर भी उन्होंने पत्नी को अपने भाई से मांगने को मना कर दिया क्योंकि- 1

(क) उन्होंने उससे पहले भी पैसे उधार ले रखे थे |
(ख) वो पैसे उन्हें वापस करने पड़ते ,लेकिन वो ऐसा नहीं चाहते थे |
(ग) इससे उनकी पत्नी के भाई को उनकी लाचारी और मजबूरी का पता चल जाता
(घ) उपर्युक्त सभी |

2. लाला अपनी व्यथा पं. बिलवासी मिश्र को सुनाते हैं क्योंकि- 1

(क) वे निठल्ले व्यक्ति थे,उनको लाला की बात सुनने की फ़ुर्सत थी |
(ख) बिलवासी उनके परम मित्र थे ,उन्हें उनसे सहायता की उम्मीद थी |
(ग) वे बिलवासी मिश्र के माध्यम से पत्नी को अपनी मजबूरी बता सकते थे |
(घ) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है|

3. अंग्रेज को बिलवासी जी पुलिस के पास जाने की सलाह दे रहे थे | ऐसा करके वे - 1

(क) लाला से अपनी पुरानी दुश्मनी निकालना चाहते थे |
(ख) वे विदेशी मेहमान की सहायता करके अपने कर्तव्य का पालन कर रहे थे |
(ग) वे लाला को बेवकूफ बनाना चाहते थे|
(घ) वे अंग्रेज का विश्वास हासिल करने के लिए चालाकी कर रहे थे ताकि अपने मित्र की मदद कर सके |

4. पंडितजी की कहानी के अनुसार 'एक ब्राहमण ने इस अकबरी लोटे से पानी पिलाकर किसकी जान बचाई थी - 1

(क) बादशाह अकबर की (ख) शेरशाह सूरी की
(ग) हुमायूँ की (घ)बिलवासी जी की

5. कहानी में वर्णित मेजर डगलस कौन थे ? 1

(क) 1857 की क्रांति के समय भारत के गवर्नर जनरल

(ख) लाला झाऊलाल के परम मित्र

(ग) वह अंग्रेज ,जिस पर लोटा गिरा था

(घ) पीड़ित अंग्रेज के पड़ोसी

(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)

6. 'ढाई सौ रुपये तो एक साथ आँख सेंकने को भी न मिलते थे' उपर्युक्त कथन में आँख सेंकना मुहावरे का अर्थ है **-** 1

(क) आंख का ईलाज करवाना

(ख) लापरवाही से देखना

(ग) देखकर तृप्त होना

(घ) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

7. उपर्युक्त पाठ' अकबरी लोटा ' से चार तत्सम शब्द छाँटकर लिखिए - 1

(क)..

(ख)..

(ग)..

(घ)..

8. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व उपसर्ग /प्रत्यय अलग करके लिखिए - 1

(क) ऐतिहासिक ....

(ख) सुशिक्षित ....

(वर्णनात्मक प्रश्न)

9. पं.बिलवासी जी ने सारी समस्या को बड़ी कुशलता से सुलझा लिया | उनकी सूझबूझ से आप उनके व्यक्तित्व के बारे में क्या अनुमान लगा सकते हैं? 2

उत्तर:- --

----

10. अंग्रेज के सामने बिलवासी जी ने लाला झाऊलाल को पहचानने तक से इनकार कर दिया| क्यों?स्पष्ट कीजिए| 2

उत्तर:- --

----

11. आपके विचार से अंग्रेज ने पुराना लोटा क्यों खरीद लिया होगा ? 2

उत्तर:- --

----

12. नापसंद होने के बावजूद लाला झाऊलाल उस बेढंगी लोटे में पानी पीने को क्यों तैयार हो गए? 2

उत्तर:- --

(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)

13. पं. बिलवासी मिश्र ने अंग्रेज के साथ जो व्यवहार किया ,क्या वह उचित था ? यदि आप उनकी जगह होते तो आप लाला झाऊलाल की सहायता किस प्रकार करते ? 4

उत्तर:- --

----

egyanarchive

उत्तरमाला

प्रश्न	दक्षता/उद्देश्य	उत्तर	
		(बहुविकल्पीय प्रश्न)	
1.		**उत्तर:-**(ग)इससे पत्नी के भाई को उनकी लाचारी और मजबूरी का पता चल जाता	1
2.		**उत्तर:-** (ख)बिलवासी उनके परम मित्र थे ,उन्हें उनसे सहायता की उम्मीद थी |	1
3.		(घ)वे अंग्रेज का विश्वास हासिल करने के लिए चालाकी कर रहे थे ताकि अपने मित्र की मदद कर सके |	1
4.	**तथ्यात्मक**	(ग)हुमायूँ की	1
5.		(घ)पीड़ित अंग्रेज के पड़ोसी	1
		(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)	
6.		**उत्तर:- ग) देखकर तृप्त होना |**	1
7.	**व्यवहारगत**	**उत्तर:- आश्चर्य ,शताब्दी ,आकर्षण ,तात्पर्य आदि|**	1
8.		**उत्तर:- क) इतिहास +इक ख) सु+शिक्षा +इत**	1
		(वर्णनात्मक प्रश्न)	
9.		**उत्तर:-** बिलवासी जी की सूझबूझ से हम समझ सकते हैं कि वह एक चतुर , निर्णय लेने में दक्ष व वाकपटु व्यक्ति थे| वह मित्रता की कद्र करना जानते हैं| खुद के पास पैसे न होने के बावजूद उन्होंने खतरा उठाकर अपने मित्र की मदद की | |	2
10.		अंग्रेज के सामने बिलवासी जी ने लाला झाऊलाल को पहचानने तक से इनकार कर दिया क्योंकि ऐसा करके ही वह अंग्रेज का विश्वास हासिल कर अपने मित्र को मुसीबत से बचा सकते थे |	2
11.		अंग्रेज ने पुराना लोटा इसलिए खरीद लिया होगा क्योंकि उसे पुरानी चीज़े संग्रह करने का शौक था | उसे लगा कि यह लोटा सच में ही वह ऐतिहासिक लोटा है जिसकी चर्चा बिलवासी मिश्र कर रहे हैं |	2
12.		नापसंद होने के बावजूद लाला झाऊलाल उस बेढंगी लोटे में पानी पीने को तैयार हो गए क्योंकि वह ऐसा नहीं करते तो उनकी पत्नी गुस्सा हो जाती और उसके बाद जो स्थिति उत्पन्न होती वो उससे बचना चाहते थे |	2
		(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)	
13.	**दक्षता**	**उत्तर:-**विद्यार्थी उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर अपने विवेकानुसार दें |	4